हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

13 शूटिंग स्पर्धा में दो पदक जीतने पर चहक सम्मानित



14 ब्लॉक समिति अध्यक्ष रचिता को दो बार दिलवाई शपथ



## खबर संक्षेप



### समाधान शिविर में आठ शिकायतें हुईं दर्ज

**झज्जर।** सोमवार को लघुसचिवालय परिसर में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में हर विभाग से संबंधित हर शिकायत का एक छत के नीचे तुरंत निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय समाधान शिविर में आठ शिकायतें दर्ज की गई।



### आयुष्मान अभियान के तहत हुए 11 ऑपरेशन

**झज्जर।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष सर्जिकल आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को विभिन्न बीमारियों से संबंधित कुल 11 ऑपरेशन किए गए। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि झज्जर नागरिक अस्पताल में सर्जरी के 4, आर्थो के 2 व आंखों संबंधी तीन ऑपरेशन किए गए। बेरी अस्पताल में दांतों संबंधी एक तथा स्त्री रोग संबंधी एक ऑपरेशन किया गया। इससे पहले शनिवार को 16, शुक्रवार को 12 व वीरवार को 11 ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए थे।

### टाउन पार्क के साथ कूड़ेदान बनाने का विरोध

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 15 के अंतर्गत आने वाले टाउन पार्क के बिल्कुल साथ कूड़ादान बनाए जाने को लेकर पार्षद प्रीति राठी व इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने सवाल उठाए हैं। भूपेंद्र राठी ने कहा कि यह भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार की असंवेदनशीलता और जनविरोधी सोच का जीता-जागता उदाहरण है। जिस टाउन पार्क को बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य व मनोरंजन के लिए विकसित किया गया, उसी के साथ कूड़ादान बनाकर पूरे क्षेत्र को बदबू, गंदगी और बीमारियों के खतरे में झोंक दिया जाएगा। इससे न केवल पार्क में आने वाले नागरिकों को परेशानी होगी, बल्कि आसपास के रिहायशी इलाके भी प्रभावित होंगे। यदि कूड़ेदान को स्थानांतरित नहीं किया गया तो इनेलो नागरिकों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत कुलाना आए कनिष्क चौहान का जोरदार स्वागत


# सम्मान में उमड़े क्रिकेट प्रेमी, कनिष्क बोले- अब सीनियर टीम में शामिल होना लक्ष्य

- गाड़ियों के काफिले के साथ कनिष्क को लेकर आए युवा
- पगड़ी पहना व गदा भेंट कर क्रिकेटर का किया सम्मान
- सबसे पहले गांव के मंदिर में माथा टेक लिया आशीर्वाद
- अब राष्ट्रीय कैंप में शामिल होकर निखारेंगे हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने के बाद अपने गांव कुलाना लौटे ऑलराउंडर कनिष्क चौहान का ग्रामीणों व परिजनों ने जोरदार व भव्य स्वागत किया। पगड़ी, पुष्पगुच्छ, फूलमालाओं, नोटों की मालाओं व गदा भेंट कर क्षेत्र के लोगों ने अपने लाडले का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखते ही बना और युवा डीजे की धुनों पर खूब झूमते दिखाई दिए। डीजे पर देशभक्ति गीत बजाकर युवाओं ने पूरा माहौल देशभक्ति के माहौल में बदल दिया। तिरंगा लगे हुए गाड़ियों का काफिला जब सड़कों से गुजरा तो पूरा मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस को यातायात दुरूस्त करवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

मीडिया से रूबरू हुए कनिष्क चौहान ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा सिरसा से उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत की। सीनियर टीम इंडिया में खेलना उनका लक्ष्य है। फिलहाल केवल सिर्फ खेल और अपने लक्ष्य पर ही ध्यान है। अभी राष्ट्रीय कैंप में जाएंगे, वहां बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर मैच में अच्छा करना और टीम को जिताने की कोशिश करना ही उनका प्रयास रहता है। बता दें कि अंडर 19 वर्ल्ड कप जीतने के उपरांत आईसीसी ने कनिष्क चौहान को अंडर -19 में विश्व के 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल किया है।



झज्जर। कनिष्क चौहान को गदा भेंट कर सम्मानित करते विधायक कुलदीप वत्स। फोटो : हरिभूमि

### विधायक वत्स ने कनिष्क को सराहा

विधायक कुलदीप वत्स ने कनिष्क चौहान की प्रशंसा करते हुए कहा कि कनिष्क के शानदार खेल से पूरे देश में कुलाना और जिले का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश युवा मोर्चो के उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़, यादव महासभा के प्रधान राम अवतार यादव, हरि प्रकाश यादव, योगेश सिलानी, श्याम सिलाना, संजय यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे। सभी ने खुले दिल से कनिष्क के खेल की प्रशंसा की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मां बोलीं- तिरंगी साड़ी वर्ल्ड कप में जाने को ली थी, अब बेटे के जीतने पर पहनी

कनिष्क चौहान की माता सरिता चौहान कार्यक्रम के दौरान तिरंगे रंग की साड़ी पहने हुए दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि कई वर्ष पहले यह साड़ी बनवाई थी। सोचा था कि वर्ल्ड कप देखने जाऊंगी तब पहनकर जाऊंगी, लेकिन वर्ल्ड कप देखने तो जा नहीं पाई। इसलिए आज यह साड़ी पहनी है। उन्होंने उम्मीद है कि उनके बेटे का चयन सीनियर टीम इंडिया में होगा। बेटे कनिष्क को मिलकर मां बेहद भावुक नजर आईं।



झज्जर। मंदिर में पूजा अर्चना करते कनिष्क चौहान और उसके परिजन।



झज्जर। गांव कुलाना में आयोजित सम्मान समारोह में उमड़ी लोगों की भीड़।

### पिता बोले-बेटा सीनियर टीम में जरूर खेलेगा

गांव में पहुंचने पर सबसे पहले कनिष्क चौहान ने मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। कनिष्क के पिता प्रदीप चौहान ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके बेटे ने जो सफलता हासिल की है,वह पूरे गांव और जिले के लिए गर्व की बात है। उन्हें पूरा विश्वास है कि कनिष्क भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर गांव, जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगा। वह अपनी मेहनत के बलबूते एक दिन सीनियर टीम इंडिया में भी खेलेगा।

## 82 हजार रुपये ब्याज के दबाव में जहर निगलकर दी जान

- गांव मातन के गाड़ी चालक ने 2 लाख रुपये लिए थे उधार
- ब्याज के लिए फाइनेंसर ने दी थी जान से मारने की धमकी, बेटे को फोन कर निगला जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मातन के निवासी एक व्यक्ति की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। चर्चा है कि गांव के एक शख्स द्वारा ब्याज की रकम का दबाव बनाने के चलते उसने यह कदम उठाया। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। मांडोठी चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान 46 वर्षीय पंकज दलाल के रूप में हुई है। वह गाड़ी चलाता था। रविवार की सुबह वह छारा बाईपास के निकट गाड़ी में बेसुध हालत में मिला। उसे पीजीआई रोहतक ले जाया गया तो ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस पीजीआई में पहुंची और परिजनों के बयान लिए। प्रारंभिक जांच और मेडिकल रिपोर्ट में जहरीले पदार्थ से मौत की पुष्टि हुई। पंकज की मौत के लिए परिजनों ने गांव के एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया है। पंकज के बेटे यश दलाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता ने सालभर पहले गांव के निवासी एक व्यक्ति से दो लाख रुपये लिए थे। बाद में वह रकम लौटा दी लेकिल संबंधित व्यक्ति ने ब्याज के करीब 82 हजार रुपये के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इस वजह से मेरे पिता परेशान रहते थे। हाल ही में पिता ने मुझे फोन पर बताया था कि आरोपी व्यक्ति ने शाम तक ब्याज की रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद उसी शाम को मेरे पिता घर से चले गए। फिर रविवार सुबह पिता ने फोन कर बताया कि उन्होंने जहर निगल लिया है। इसके बाद हम वहां पहुंचे और इलाज के लिए ले गए तो पिता जी की मौत हो गई। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करें। वहीं, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

## गैस सिलेंडर धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी ने गैस सिलेंडर लेकर भुगतान नहीं किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सेक्टर-9 पुलिस चौकी की टीम ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी रणदीप सिंह के अनुसार, अशोक विहार के निवासी अनिल ने बताया था कि वह वीरेंद्र गैस एजेंसी में सिलेंडर की डिलीवरी करता है। गत 20 जनवरी को उसे मोबाइल फोन के जरिए सैनीपुरा में शिव मंदिर के पास सिलेंडर पहुंचाने का काम मिला। बताए गए पते पर सिलेंडर लेकर पहुंचा, जहां कॉल करने वाले व्यक्ति के कहने पर सिलेंडर उतार दिए गए। आरोपी ने ऑनलाइन भुगतान करने का भरोसा दिया, लेकिन राशि का भुगतान नहीं किया। बाद में संपर्क करने पर आरोपी का मोबाइल फोन बंद मिला, जिससे धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद केस दर्ज कर जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मोहनदीप निवासी पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक कॉमर्शियल गैस सिलेंडर भी बरामद किया है।

## वार्ड 19 में उत्पाती बंदर पकड़ने पर अब मिलेगा 25 हजार रुपये का इनाम

- नप की नाकामी के बाद अपने स्तर पर ही लोग बंदर पकड़ने को हुए लामबंद, करीब 30 लोगों को काट चुका है बंदर, नगर परिषद की टीम नहीं पकड़ पा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर में बंदरों के उत्पात से लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन गायब हो रखा है। स्थिति यह है कि लोग अब अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित नहीं मान रहे हैं। क्योंकि उत्पाती बंदर घर के अंदर घुस कर भी काट रहे हैं। हालांकि यह समस्या पूरे शहर में है, लेकिन वार्ड नंबर 19 में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं।

पिछले दिनों नगर परिषद द्वारा वार्ड नंबर 19 में स्पेशल टीम बुलाकर बंदर को पकड़ने का आश्वासन दिया था। जिसके चलते बंदर पकड़ने वाली टीम तो पहुंच गई, लेकिन अधिकारियों के साथ तालमेल न बन पाने के कारण टीम वापिस लौट गई। ऐसे में प्रशासन से मायूस होकर वार्ड नंबर 19 के लोगों ने उस उत्पाती बंदर को पकड़ने का स्वयं बीड़ा उठाया है। वार्ड पार्षद भागवंती देवी ने बताया कि बंदर को पकड़ने में पूरे मोहल्ला निवासी एकजुट हैं और बंदर को पकड़ने का प्रयास भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी इस बंदर को पकड़ेगा, उसे नगर परिषद की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम दिलाया जाएगा। बता दें कि यह उत्पाती बंदर वार्ड में करीब 30 लोगों को काट चुका है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में बैठी बंदरों की टोली से हमेशा बना रहता है खतरा। फोटो : हरिभूमि

## अतिक्रमण करने वालों का सामान किया जब्त

- एसडीएम की अगुवाई में काटे गए चालान, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसडीएम अभिनव सिवाच ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख बरकरार रखते हुए सोमवार को एक बार फिर सड़कों पर उतरकर कार्रवाई की। उनकी अगुवाई में नगर परिषद और पुलिस प्रशासन ने सोमवार देर शाम संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

अभियान की शुरुआत लाल चौक से हुई। इसके बाद मेन बाजार के कमेटी चौक से लेकर पुरानी सब्जी मंडी तक दौरा किया। इसके अलावा रोहतक-दिल्ली रोड और रेलवे रोड पर भी सघन कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानों के बाहर सड़कों पर रखा गया काफी सामान जब्त किया गया, वहीं नियमों की अवहेलना करने वाले दर्जनभर दुकानदारों के चालान काटे गए।

कार्रवाई के दौरान एसडीएम अभिनव सिवाच ने दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि दुकान की तय सीमा में ही सामान रखें। उन्होंने कहा कि दुकान के बाहर सड़कों पर सामान रखने या आगे रेहड़ियां लगवाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन दुकानदारों ने दुकान के बाहर पक्के कब्जे कर रखे हैं, उन्हें जल्द स्वयं तोड़ने की हिदायत दी गई, अन्यथा नगर परिषद द्वारा कार्रवाई की जाएगी।



बहादुरगढ़। बाजार में अतिक्रमण पर चेतावनी देते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### यातायात नियम न मानने पर 51 चालान

अभियान के तहत सड़क पर अवैध पार्किंग और यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों के भी 51 चालान काटे गए। अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और वे जल्दबाजी में अपना सामान समेटते नजर आए। कार्रवाई का असर मौके पर ही दिखाई दिया। अक्सर जाम से जूझने वाला मेन बाजार अभियान के दौरान काफी हद तक खाली नजर आया। प्रशासन का कहना है कि बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़क तक अतिक्रमण करने और रेहड़ियों के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम अभिनव सिवाच ने दो टूक कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**अभियान** धावकों की फिटनेस, सही ट्रेनिंग और वैज्ञानिक रिकवरी पर देंगे टिप्स

## बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप हर सप्ताह धावकों के लिए चलाएगा फिटनेस की पाठशाला

- मुंबई के अरमान शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोमवार को सेक्टर-9 में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने धावकों की फिटनेस, सही ट्रेनिंग और वैज्ञानिक रिकवरी को ध्यान में रखते हुए फिटनेस की पाठशाला नाम से एक विशेष अभियान की शुरुआत की। इसके अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह रनर्स के लिए फिटनेस और स्पोर्ट्स साइंस से जुड़े अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया जाएगा।

इस सप्ताह आयोजित लॉन्ग रन सेशन के दौरान रनर्स को कंप्रेशन सॉक्स के फायदे, उपयोग और सही चयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुंबई से अरमान शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए रनर्स को उपयोगी टिप्स दिए। अत्ताउर रहमान और सूर्य प्रकाश भी मौजूद रहे। सेशन की शुरुआत में डायनेमिक मूवमेंट्स और स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करवाई गई। समझाया गया कि ट्रेनिंग, रिकवरी और रोज़मर्रा की गतिविधियों में कंप्रेशन का सही उपयोग किस प्रकार किया जाए। समूह संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि फिटनेस की पाठशाला का उद्देश्य रनर्स को दौड़ने के साथ ही सही ट्रेनिंग, इंजरी प्रिवेंशन और स्मार्ट रिकवरी के प्रति जागरूक करना है।



बहादुरगढ़। ट्रेनिंग सेशन में शामिल बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

### 42 किलोमीटर की रेस में भाग लेंगे बीआरजी के 130 धावक

बीआरजी से लगभग 130 नए रनर्स पहली बार 42 किलोमीटर की फुल मैराथन में हिस्सा लेंगे। इस सेशन में जयदेव राठी, जगदीश राठी, संदीप, भोजराज, निरंजन, प्रवीन सांगवान, प्रदीप कुमार, कृष्णा राणा, अमनदीप, एनके नारा, विनोद राठी, मुन्ना, सोनिया शर्मा, अजय कंडोल, सुदेश, सविता, प्रीति, मीनाक्षी, बिमला, डॉ. किरण छिल्लर, हंसराज शर्मा, पुष्कर, धर्मवीर, सज्जन सैनी, नवीन जैन, सरनाम सिंह और ब्रह्मप्रकाश मान आदि उपस्थिति रहे।

## कोरम नियमों में संशोधन की मांग को लेकर सरपंचों ने दिया ज्ञापन

- पहली ग्राम सभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणों की उपस्थिति की शर्त से आ रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सरकार की नई हिदायतों के तहत विशेष ग्राम सभाओं में निर्धारित किए गए कोरम को लेकर बहादुरगढ़ ब्लॉक के समस्त सरपंच एकजुट हो गए हैं। इसी क्रम में सभी सरपंचों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कोरम नियमों में संशोधन की मांग उठाई।

ज्ञापन पर मातन के सरपंच महेंद्र, खरमाण के प्रवीण कुमार, लडरावण के मनीष, सोलधा की लक्ष्मी, छुड़ानी के विनोद कुमार, लोवा कलां की सुमन, डाबोदा के मनजीत, टांडाहेड़ी के भगत सिंह सहित अन्य गांवों के सरपंचों ने हस्ताक्षर किए हैं। सरपंचों का कहना है कि नई गाइडलाइंस के अनुसार पहली ग्राम सभा में 40 प्रतिशत, दूसरी में 30 प्रतिशत और तीसरी ग्राम सभा में 20 प्रतिशत उपस्थिति का कोरम तय किया गया है। इन निर्देशों के तहत पंचायतों द्वारा नियमानुसार मुनादी-मुस्तरी करवाई गई और विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद तीसरी ग्राम सभा में भी 20 प्रतिशत उपस्थिति पूरी नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप ग्राम सभाओं को स्थगित करना पड़ा। सरपंचों का कहना है कि बार-बार ग्राम सभाएं स्थगित होने से पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की मंजूरी और महत्वपूर्ण निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे ग्रामीण विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए विशेष ग्राम सभाओं के लिए पूर्व में लागू नियमों के अनुसार 10 प्रतिशत या न्यूनतम 300 व्यक्तियों की उपस्थिति को ही कोरम मानने की सिफारिश की जाए। सरपंचों ने बीडीपीओ से आग्रह किया कि उनके ज्ञापन को मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री तक पहुंचाएं।



बहादुरगढ़। बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते सरपंच। फोटो : हरिभूमि



वैलेंटाइन-डे विशेष

वैलेंटाइन-डे पर जब प्रेम की बात होती है, तो इसके मायने प्रायः रोमांस तक सीमित रह जाते हैं। जबकि प्रेम के बहुत व्यापक अर्थ हैं, रुमानी जज्बातों से बहुत ऊपर। विशेष तौर पर स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत उदात्त हैं। इसमें स्त्री का अवदान अमूल्य है, अनुपम है। स्त्री के संदर्भ में प्रेम के मायने शाश्वत हैं।

# स्त्री के लिए प्रेम के मायने


आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जब प्रेम, शब्दों से पहले व्यवहार बन जाए, जब वह कहने से ज्यादा करने में दिखे, तब वहां स्त्री मन उपस्थित होता है। स्त्री का प्रेम कोई क्षणिक भाव नहीं होता, वह एक निरंतर चलने वाली कोमल प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य, समर्पण, समझ और सहनशीलता एक साथ ध्वनित होती है। स्त्री मन प्रेम को मां की ममता में जीता है, पत्नी की जिम्मेदारी निभाता है और बहू के रूप में संतुलन बनाकर चलता है। स्त्री का प्रेम केवल पाने की इच्छा नहीं रखता, बल्कि देने की क्षमता से भरा होता है। वह प्रेम को शर्तों में नहीं बांधती, बल्कि परिस्थितियों के साथ ढाल लेती है। एक स्त्री जब प्रेम करती है, तो वह सामने वाले के स्वभाव को समझने का प्रयास करती है। वह उसकी चुप्पी भी पढ़ लेती है, उसके गुस्से के पीछे की वजह को पहचान लेती है। स्त्री मन का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं होता, वह व्यावहारिक भी होता है। वह जानती है कि कब बोलना है, कब चुप रह जाना ही प्रेम को बचा सकता है।

**प्रेम में त्याग करती है स्त्री:** घर के भीतर हो या काम-काज में, स्त्री का प्रेम सबसे अधिक दिखाई देता है। सुबह की पहली चिंता से लेकर रात की आखिरी तैयारी तक, प्रत्येक काम में उसका प्रेम घुला-मिला होता है। वह भोजन बनाते समय यह सोचती है कि किसे क्या पसंद है, किसे क्या नहीं? वह बीमार सदस्य की नींद का ख्याल रखती है। बच्चों के डर को अपनी हिम्मत से निडर बनाने का प्रयत्न करती है। स्त्री मन का प्रेम त्याग से जुड़ा होता है फिर भी त्याग बोझ नहीं बनता। स्त्री इसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लेती है।

**प्रेम को सहज बनाती है स्त्री:** कई बार स्त्री अपनी इच्छाओं को पीछे रख देती है, क्योंकि उसके लिए प्रियजनों की खुशी अधिक महत्वपूर्ण होती है। वह यह नहीं जताती कि उसने क्या छोड़ा, क्योंकि उसका प्रेम दिखावे का नहीं होता। समाज अकसर स्त्री के प्रेम को उसका कर्तव्य कहकर सीमित कर देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्त्री प्रेम को चुनती है। वह हर दिन दूसरे की खुशी चुनती है, समझना, सहना, संभालना और जीवन में प्रवाहित रहना। यह चयन आसान नहीं होता, फिर भी स्त्री इसे सहज बना लेती है।



**स्त्री का प्रेम रिश्तों को जोड़ता है:** स्त्री मन का प्रेम रिश्तों को जोड़ने का काम भी करता है। टूटते संवाद, बिगड़ते संबंध, अनकहे मतभेद, इन सबके बीच वह सेतु बनती है। वह जानती है कि हर रिश्ते में जीतना जरूरी नहीं, कई बार रिश्तों को निभाना ज्यादा जरूरी होता है।

**स्त्री देती है प्रेम को नया अर्थ:** प्रेम में स्त्री की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है। वह भावनाओं को हल्के में नहीं लेती। किसी के शब्दों का असर, किसी की चुप्पी का कारण, वह सब महसूस करती है। यही संवेदनशीलता उसे मजबूत बनाती है, कमजोर नहीं। हालांकि स्त्री मन का प्रेम अकसर परीक्षा में डाला जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में समझे, हर परिस्थिति में समायोजन करे। उसकी सहनशीलता को उसकी सीमा समझ लिया जाता है, लेकिन स्त्री का प्रेम असीम नहीं होता। उसे भी सम्मान, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। जब स्त्री मन को प्रेम के बदले प्रेम मिलता है, तो वह और निखर जाता है। जब उसकी भावनाओं को सुना जाता है, उसकी थकान को पहचाना जाता है, तो वह और अधिक देने में सक्षम होती है। स्त्री का प्रेम तब खिलता है, जब उसे केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा जाता है। मां के रूप में स्त्री, प्रेम को सुरक्षा में बदल देती है। वह बच्चों के लिए ढाल बन जाती है। पत्नी के रूप में वह प्रेम को साझेदारी बनाती है। और बेटी के रूप में वह प्रेम को विश्वास से जोड़ती है।

**स्त्री के लिए प्रेम का अर्थ बहुत व्यापक है:** स्त्री मन प्रेम में पूर्णता नहीं ढूंढ़ता, वह संतुलन ढूंढ़ता है। वह जानती है कि हर इंसान अपूर्ण है, फिर भी वह उसे स्वीकार करना सीखती है। यही स्वीकार्यता उसके प्रेम को गहराई देती है। आज के समय में जब रिश्ते जल्दी टूट जाते हैं, स्त्री मन का प्रेम उन्हें थामे रखने का प्रयास करता है। वह संवाद बनाए रखने की कोशिश करती है, समझौते को हार नहीं मानती। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, साथ चलना, चाहे रास्ता कठिन क्यों न हो। लेकिन यह भी जरूरी है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल अवदान के रूप में न देखा जाए, बल्कि एक साझेदारी के रूप में समझा जाए। जब प्रेम एकतरफा होता है, तब वह प्रेम कम, बोझ ज्यादा बन जाता है, तब वह मन को थकाने लगता है। स्त्री का प्रेम तब सबसे सुंदर होता है, जब उसे लौटकर भी उतनी ही संवेदना मिले।

**निरंतर निभाए जाने वाला उत्तरदायित्व:** यह समझना आवश्यक है कि स्त्री मन का प्रेम केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक निरंतर निभाया जाने वाला उत्तरदायित्व है। वह प्रेम को शब्दों में नहीं तौलती, बल्कि उसे जीवन के हर छोटे-बड़े क्षण में जीती है। उसकी उपस्थिति से रिश्तों में स्थिरता आती है। घर में संतुलन बना रहता है और जीवन की कठिनाइयां कुछ आसान लगने लगती हैं। स्त्री मन प्रेम में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह स्वयं को भूल जाना चाहती है। स्त्री भी चाहती है कि उसके भावों को समझा जाए, उसकी चुप्पी को सुना जाए और उसकी थकान को पहचाना जाए।

**प्रेम में स्त्री का अमूल्य योगदान:** प्रेम के अवदान में स्त्री मन का योगदान अमूल्य होता है। वह प्रेम को जीती है, निभाती है और सहेजती है। वह प्रेम को केवल महसूस नहीं करती, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी में उतारती है। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, लेकिन उसकी उपस्थिति से जीवन में स्थिरता आती है। वह बिना कहे बहुत कुछ दे जाता है, और यही उसका सबसे बड़ा अवदान है, प्रेम को जीवन का आधार बना देना।



### जीवन को मानवीय बनाता है प्रेम

**आज आवश्यकता** इस बात की है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल त्याग की कसौटी पर न परखा जाए। उसे साझेदारी, संवाद और समान भावनात्मक सहयोग की जरूरत है। प्रेम तब ही पूर्ण होता है, जब वह एकतरफा नहीं, बल्कि दो मनों की साझा यात्रा बन जाए। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, वह दिखावा नहीं करता। वह चुपचाप जीवन को थामे रखता है। वही प्रेम रिश्तों को टूटने से बचाता है, वही प्रेम जीवन को मानवीय बनाता है। और यही स्त्री मन का सबसे बड़ा अवदान है कि वह प्रेम को जीने की कला सिखाता है, बिना शर्त, बिना अपेक्षा, बस पूरी आत्मीयता के साथ।

# आप भी जरूर मनाएं प्रेम का यह उत्सव

अधिकांश मैरीड कपल्स मानते हैं कि वैलेंटाइन-डे का क्रेज शादी से पहले तक ही रहता है। जबकि आपसी जुड़ाव में प्रगाढ़ता लाने के लिए प्रेम का यह उत्सव हर दंपति को भी जरूर मनाना चाहिए।

दांपत्य

पूर्ति खरे



फरवरी माह की 14 तारीख यानी वैलेंटाइन-डे केवल लविंग कपल्स के लिए ही नहीं, पति-पत्नी के लिए भी किसी पर्व से कम नहीं है। वास्तव में पति-पत्नी का रिश्ता गहरा, मजबूत और जीवन भर का बंधन होता है, जो प्रेम, विश्वास और आपसी समझ पर ही आधारित होता है। यह रिश्ता न केवल दो लोगों को जोड़ता है, बल्कि दो परिवारों को भी एक साथ लाता है। इसलिए इस खास दिन आप अपने प्यार और विश्वास को एक-दूसरे के प्रति व्यक्त कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

**रोमांटिक डिनर:** पति-पत्नी इस अवसर पर एक साथ रोमांटिक डिनर का आनंद ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जा सकते हैं या घर पर ही रोमांटिक डिनर अरेंज कर सकते हैं।

**लवली ट्रिप:** वैलेंटाइन-डे को स्पेशल बनाने के लिए कहीं बाहर ऐसी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां बस आप दोनों हों। इसके लिए किसी सुंदर नेचुरल प्लेस को चुनें, जैसे कि समुद्र तट, हिल स्टेशन या नेशनल पार्क या ऐसी ही कोई जगह। रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से दूर एक-दूजे के साथ बिताया गया यह समय न केवल प्यारा अहसास देगा, आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।



**मूवी नाइट:** पति-पत्नी प्यार के इस खास अवसर पर एक साथ मूवी नाइट का आनंद ले सकते हैं। आप अपनी कोई पसंदीदा मूवी अपने लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं। साथ में बैठकर पॉपकॉर्न का आनंद लेते हुए फिल्म देखना आपको बहुत खुशी देगा। निश्चित तौर पर साथ बिताया यह समय आपके रिश्ते को एक नई उमंग से भर देगा।

**म्यूजिक कॉन्सर्ट:** किसी म्यूजिक कॉन्सर्ट में जाकर पति-पत्नी एक साथ इस खास दिन संगीत का आनंद ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने घर पर ही अपने पसंदीदा रोमांटिक गीतों को सुन सकते हैं और साथ में डांस भी कर सकते हैं। यकीन मानिए प्रेम भाव से भरे हुए गाने आप दोनों के भीतर प्यार का नया अहसास भर देंगे।

**इनका भी रखें ध्यान:** आप वैलेंटाइन-डे के अवसर पर यहां बताए गए आइडियाज पर तो अमल करें ही साथ ही कुछ और बातों का भी हमेशा यानी हर रोज ध्यान रखें तो आपका प्यार कभी कमजोर नहीं होगा।

- पति-पत्नी को हर रोज एक-दूसरे को कुछ समय जरूर देना चाहिए। आप एक-दूसरे के साथ समय बिताने के दौरान अपने विचारों और मन की बातों को साझा कर सकते हैं।
- आत्मीय बातचीत के दौरान पति-पत्नी को केवल अपनी बात कहनी ही नहीं चाहिए पार्टनर की बात सुननी भी चाहिए। आप एक-दूसरे की समस्याओं को न केवल ध्यान से सुनें, उसका समाधान निकालने का भी प्रयास जरूर करें।
- एक-दूसरे को अगर आप प्यार करते हैं तो अपने जज्बात बयां करने से भी नहीं नहीं झिझकें। अपनी भावनाएं बयां करने से प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- पति-पत्नी को एक-दूसरे का साथ हर जगह देना चाहिए। एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने की भी हर संभव कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों में गलतियां सभी से होती रहती हैं। ऐसे में पति-पत्नी को एक-दूसरे को माफ करना भी आना चाहिए। इससे अपने जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान बढ़ता है। इसलिए एक-दूसरे की छोटी-छोटी कमियों को नजरअंदाज करें और प्यार के इस रिश्ते को प्रगाढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें।

भले ही आज सोशल मीडिया और इंटरनेट के दौर में दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति से रिलेशन बनाना ईजी हो गया है, लेकिन नई पीढ़ी का एक वर्ग अपने आस-पास के व्यक्ति से ही डेटिंग-लव रिलेशन को इंपॉर्टेंस देने लगा है। इस जिप-कोड डेटिंग के कई फायदे हैं तो कुछ कमियां भी हैं। इनके बारे में आप भी जानें।

# न्यू जेनरेशन को भा रहा जिप-कोड डेटिंग ट्रेंड

न्यू ट्रेंड

दीपिका शर्मा



आज के तेज रफ्तार वाले डिजिटल दौर में, जहां हम दुनिया भर के लोगों से सेकेंडों में कनेक्ट हो सकते हैं, वहीं प्यार की दिशा थोड़ी विपरीत दिशा में घूमती दिख रही है। आज की युवा पीढ़ी लंबी दूरी के रोमांस की जगह अपने आस-पड़ोस में ही साथी खोजने को तरजीह दे रही है। इसे ही कहा जा रहा है जिप-कोड डेटिंग यानी मोहब्बत की तलाश अब चैट एप्स पर नहीं, बल्कि अपने आस-पास के गली, मोहल्ले और पोस्टल कोड की सीमाओं में हो रही है। रिश्तों की यह वापसी पुराने स्कूल-डेज वाली फीलिंग देती है, जहां मोहब्बत रोज मिलने की मुस्कान और बार-बार दिखने वाले चेहरे से पनपती थी।

**निकटता बनाती है आकर्षक:** जिप-कोड ट्रेंड की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह सुविधा और कनेक्शन दोनों का सुंदर मिश्रण है। पहले लोग प्रेम-पत्र लिखकर महीनों तक जवाब का इंतजार करते थे, आज रिप्लाई मिनटों में मिलता है और मिलने का प्लान तो कुछ कदम चलकर भी पूरा हो सकता है। यही निकटता इसे और भी आकर्षक बनाती है। रोज चलते हुए वही चेहरा नजर आना, बस स्टैंड पर एक ही बस का इंतजार करना, सब्जी मंडी में अनजाने में टकराना, ये छोटे-छोटे क्षण दिल में पहचान और फिर विश्वास का बीज बो देते हैं। यही पहचान धीरे-धीरे अपनापन बनाती है। कभी-कभी यह रिश्ता गहरे संग-साथ यानी साथ निभाने वाले संबंध में बदल जाता है।



**इस नए ट्रेंड के फायदे:** जिप-कोड ट्रेंड का सबसे पहला फायदा तो यही है कि पास रहना मतलब आसान पहुंच। न लंबी दूरी, न समय की बाधा, जब चाहें मिल सकें, बातचीत हो सके। इससे कम्युनिकेशन सहज रहता है और गलतफहमी कम होने की संभावना रहती है।

दूसरा लाभ, खर्च और मेहनत दोनों बचते हैं। दूर रहने वाले रिश्तों में समय और पैसे दोनों अधिक लगते हैं, जबकि जिप-कोड डेटिंग में यही संसाधन क्वालिटी टाइम में बदले जा सकते हैं। तीसरा फायदा यह है कि साझा परिवेश, रिश्ते को एक मजबूत नींव देता है। समान इलाके, समान भाषा, समान जीवनशैली यह कंपैटेबिलिटी को बढ़ाती है। परिवार के लोग भी ऐसे रिश्तों को जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, क्योंकि सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में फर्क कम होता है। साथ ही पास रहने से सुरक्षा और कंफर्ट जोन दोनों बढ़ते हैं। जिप-कोड का ट्रेंड केवल पढ़ने-सुनने में ही अच्छा नहीं लगता है बल्कि लॉजिकल भी लगता है। दरअसल, आप उनके साथ आसानी से जुड़ सकते हैं, जो आपके जैसी लाइफस्टाइल जीते हैं।

**होते हैं कुछ रिस्क भी:** जिप-कोड रिलेशन में जहां आपसी दूरी कम होती है तो वहां पर्सनल स्पेस भी कम हो सकता है। पड़ोसियों की नजरें, समाज की बातें, प्राइवेसी में सेंध, ये सब इस रिश्ते के पनपने की राह में सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। रिश्ता निभ गया तो पूरा इलाका खुश, पर अगर खटास आई तो रोज सामना होना ही भारी लग सकता है। साथ ही, चुनाव का दायरा सीमित होना भी एक कमी है। हम वही चुनते हैं, जो आस-पास विकल्प में हो, न कि वह जो व्यक्तित्व या अहमियत से ज्यादा मेल खाए। यानी, सिर्फ दिल मिलना नहीं, एक-दूसरे के बीच की दूरी भी मायने रखती है। यह आपकी लेजीनेस पर्सनालिटी को भी दर्शाता है। साथ ही यह भी साबित करता है कि रिस्क लेने की क्षमता का आपमें अभाव है। आप चैलेंज लेने से डरते हैं, क्योंकि आपको लगता है कि किसी दूसरे को समझने में, जानने में और ढूंढ़ने में समय लगेगा, इसलिए अपने आस-पास जो है, उसी से काम चलाओ। यानी, जिप कोड एटिट्यूड जितना सरल लगता है, लंबी अवधि में उतने ही नेगेटिव इंपैक्ट भी दिखता है।

मेकअप

निधि गोयल

# दमकेगा आपका ऐसा रूप पार्टनर हो जाएंगे फिदा

वैलेंटाइन-डे के खास मौके पर आप जरूर चाहेंगी कि आपका लुक स्पेशल नजर आए, आपके पार्टनर आप पर फिदा हो जाएं तो इसके लिए आपको यहां बताए जा रहे मेकअप के स्टेप्स फॉलो करने होंगे। इससे आपका मेकअप अट्रैक्टिव के साथ ग्लोइंग भी नजर आएगा। आइए जानते हैं, आप किस तरह अपने मेकअप को परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

**स्किन को करें क्लीन:** सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी स्किन को अच्छे फेसवॉश से क्लीन करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहे क्योंकि स्किन का सॉफ्ट और हाइड्रेट रहना भी बेहद आवश्यक है। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिका रहेगा और स्किन स्मूद और क्लीन नजर आएगी।

**फाउंडेशन का करें यूज:** क्लीनिंग के बाद आपको अपनी स्किन टोन से मैच करते हुए फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। फाउंडेशन को स्पंज या ब्रश की सहायता से ब्लेंड करें, जिससे यह स्किन पर अलग से लगा हुआ नजर नहीं आएगा। इससे आपकी स्किन को ग्लोइंग लुक मिलेगा।



**नेचुरल कलर का ब्लशर:** फेस स्किन पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करने के बाद गालों पर ब्लश अप्लाई करें। इसके लिए पिंक और पीच कलर के ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे गालो को नेचुरल लुक मिलेगा और आपका मेकअप भी ग्लोइंग नजर आएगा। ब्लशर में आप क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे स्किन को बेहद ताजगी भरा लुक मिलता है।

**ऐसे करें आइज मेकअप:** आंखों का मेकअप जब भी करें तो ध्यान रखें कि आपको बहुत ज्यादा हैवी मेकअप नहीं करना है क्योंकि दिन में आप किसी पार्टी में या अपने पार्टनर के साथ घूमने जा रही हैं तो थोड़ा सॉफ्ट मेकअप ही अट्रैक्टिव लगता है। इसके लिए आपको आंखों पर लाइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करना सही रहेगा। आंखों पर अपनी ड्रेस से मैच करते हुए शेड का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। साथ ही आईलाइनर को डिफरेंट तरीके से लगा सकती हैं। इसके बाद मस्कारा या काजल का इस्तेमाल भी करें।

**लिक्विड हाइलाइटर:** मेकअप पूरा होने के बाद हाइलाइटर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे स्किन पर ग्लो आता है। हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तो उसे गालों, नाक की हड्डी और माथे पर लगाएं, जिससे आपको नेचुरल ग्लोइंग लुक मिलेगा। परंतु ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा मात्रा में हाइलाइटर नहीं लगाएं।

**होंठों को दें ग्लॉसी लुक:** जब आप मेकअप कंप्लीट कर लेती हैं, तो बारी आती है होंठों को अट्रैक्टिव बनाने की। इसके लिए आप होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल करें, क्योंकि नेचुरल कलर के ग्लॉस ज्यादा अच्छा लुक देते हैं। इन्हें लगाने से आपका पूरा मेकअप निखर जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन

मनोज अग्निहोत्री

गिफ्ट के जरिए हम अपने किसी प्रिय को अपनी फीलिंग्स प्रकट करते हैं। बात जब वैलेंटाइन-डे पर गिफ्ट देने की हो तो यह और भी मायने रखता है। इसीलिए हम कुछ यूनीक गिफ्ट आइटम्स के बारे में बता रहे हैं।

# आपके पार्टनर को आएंगे पसंद ये अट्रैक्टिव-यूनीक गिफ्ट्स

किसी भी खास अवसर पर हम गिफ्ट देकर अपने प्रिय को स्पेशल फील करा सकते हैं। आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप भी अपने पार्टनर को जरूर कोई प्यारा सा गिफ्ट देना चाहेंगे। गिफ्ट देते समय आपको अपने पार्टनर की पसंद के साथ ही उसके लुक, उसके यूज और उससे जुड़ी अपनी फीलिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसा क्या दिया जाए जो आपके पार्टनर को तो पसंद आए ही उनके लिए उपयोगी भी हो, तो हम आपको ऐसे ही कुछ बेहतरीन और यूनीक गिफ्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से किसी को भी आप अपने प्रियजन को दे सकते हैं और इस वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकते हैं।



**कस्टमाइज ज्वेलरी:** आप अपने पार्टनर को स्पेशल फील करवाने के लिए उनके नाम से कस्टमाइज करवाकर रिस्ट वॉच, इयर रिंग्स, कफलिंग्स, रिंग्स या लॉकेट वाली चेन आदि दे सकते हैं। कम दाम में भी ऐसे गिफ्ट्स मिल जाएंगे।

**फोटो एल्बम या फोटो कोलाज:** साथ बिताए पलों को और अपने पार्टनर के अलग-अलग फोटोज को आप बहुत खूबसूरत से फोटोफ्रेम में कैप्चर करके उन्हें प्रेजेंट कर सकते हैं। इसी तरह आप कई प्यारी सी तस्वीरों का कोलाज भी बनवा कर उनको गिफ्ट कर सकते हैं। यह यूनीक और अनमोल तोहफा आपके पार्टनर को जरूर पसंद आएगा।



**हैंड रिटेन लैटर:** मोबाइल और डिजिटल दुनिया के इस दौर में आप एक खूबसूरत से लैटर पैड पर अपने प्रिय के प्रति अपनी भावनाओं को कविता या पत्र के माध्यम से लिखकर सुंदर से लिफाफे में रखकर गिफ्ट कर सकते हैं। पेन और पेपर से व्यक्त की गईं आपकी भावनाएं आपके पार्टनर को अवश्य पसंद आएंगी। आपकी फीलिंग्स से भरे इन शब्दों को वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

**होम मेड आइटम्स:** आप घर पर ही हार्ट शेप की कुकीज, केक्स, नानखटाई या चॉकलेट्स बनाकर उसे गिफ्ट पेपर में रैप करके भी गिफ्ट कर सकती हैं। बाजार की रेडीमेड वस्तुओं की जगह ये हैंडमेड आइटम्स आपके पार्टनर को आपके प्यार की ऊष्मा का अहसास कराएंगी।

**प्यारे से प्लांट्स:** यदि आपके पार्टनर नेचर लवर हैं, तो आप उनको जेड, एडेनियम, गुलाब, पाम या क्रोटन जैसे पौधों को सुंदर गमले में लगाकर गिफ्ट दे सकते हैं। जो आपके प्यार की ही भांति धीरे-धीरे बढ़ेगा। इन पौधों को जब भी आपका पार्टनर देखेगा, आपको याद किए बिना नहीं रह सकेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स:** अगर आपके पार्टनर टेक्नोलवर हैं तो उनको आप स्मार्ट वॉच, वायरलेस इयर फोंस, टैब या एयरफ्रायर जैसा होम एप्लाइंस भी गिफ्ट कर सकते हैं। गिफ्ट खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें-

- गिफ्ट खरीदते समय अपने पार्टनर की उम्र और रुचि का अवश्य ध्यान रखें ताकि गिफ्ट उनके लिए उपयोगी रहे।
- पहले अपना बजट निर्धारित करें और उसी के अनुसार गिफ्ट का चयन करें।
- अकसर ऑफलाइन की अपेक्षा ऑनलाइन गिफ्ट आइटम्स में अधिक वैरायटीज और क्वालिटी मिल जाती हैं। आप अपने बजट के अनुसार वहां से भी गिफ्ट खरीद सकते हैं।
- गिफ्ट चाहे छोटे आकार का हो या बड़ा उसे गिफ्ट पेपर में अच्छी तरह रैप करके ही प्रेजेंट करें। इससे गिफ्ट की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### थ्री व्हीलर पलटने से कई घायल, मची चीख पुकार

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली मार्ग पर होटल वीसी के निकट एक थ्री व्हीलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कई लोग घायल हो गया। घटना सुबह करीब 9 बजे की है। जानकारी के अनुसार, सुबह बहादुरगढ़ से सवारियां लेकर एक ऑटो सांपला के लिए चला। रोहतक रोड पर जब होटल वीसी के निकट पहुंचा तो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार सुमनदास, मनाज, अंजलि, तन्नु, दामनी, अजय व एक अन्य सवारी को चोट आई।

### सीएम की घोषणा पर जताया आभार

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने संत रविदास जयंती पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए 20 साल से काबिज लोगों को मालिकाना हक देने की पालिसी व एससी कंपोनेट प्लान का पैसा केवल एससी समाज के विकास पर खर्च करने की घोषणा का स्वागत किया। सोमवार को कबीर बस्ती निवासियों ने उन्हें बताया कि वे पिछले कई दशकों से यहां रह रहे हैं। हर समय कार्रवाई का भय रहता था। सीएम की घोषणा से उन्हें राहत मिली है।

दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से 300 खिलाड़ियों ने लिया था भाग

# शूटिंग स्पर्धा में दो मेडल जीतने पर चहक को किया सम्मानित

कोच रमन यादव ने बताया कि चहक ने बारह वर्ष की आयु में अपने करियर की शुरुआत की



झज्जर। चहक को सम्मानित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हाल ही में दिल्ली की करणी सिंह शूटिंग में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में जिले के गांव पाटौदा की बेटी चहक यादव ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सिल्वर तथा व नेशनल शूटिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। चहक के पिता सुनील यादव ने बताया कि उनकी बेटी ने निशानेबाजी से न केवल अपने अभिभावकों व क्षेत्र का नाम किया बल्कि प्रदेश व देश को भी गौरवान्वित किया है। चहक ने दस मीटर एयर पिस्टल की एकल स्पर्धा में जहां सिल्वर मेडल जीता वहीं भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल भी हासिल किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बीस देशों से करीब तीन सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। उसकी इस उपलब्धि चहक के कोच रमन यादव ने बताया कि चहक ने बारह वर्ष की आयु में अपने करियर की शुरूआत की थी। चहक की इस उपलब्धि पर विधायक कुलदीप वत्स, यादव महासभा के प्रधान राम अवतार यादव, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़, हरिप्रकाश यादव सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजनों ने बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### मुक्केबाजी में तीन खिलाड़ियों ने जीते मेडल

झज्जर। कर्नाटक के बेंगलुरु में 4 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के मुक्केबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्टेडियम के खिलाड़ी अभिनव बल्हारा ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, सागर ने 90 किलोग्राम भार वर्ग तथा शगुन ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। कोच हितेश देशवाल ने सभी विजेता मुक्केबाजों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा से लोगों को किया जागरूक

झज्जर। जिले में चल रही बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा द्वारा बारहवें दिन शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर लोगों को जागरुक किया गया। एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था सदस्य मनोज कुमार ने बताया कि यात्रा में शामिल टीम सदस्यों ने स्थानीय नागरिक अस्पताल, यातायात थाना, साइबर थाना तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग आफिसर कविता ने कहा कि बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा बच्चों के सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी। यह यात्रा जहां-जहां जाएगी वहां लोग के जहन में एक विचार छोड़ते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षित करने व उनका सपना पूरा करने की प्रेरणा भी देगी।



### एनएनएस शिविर में स्वयंसेवकों को कराया योगाभ्यास

झज्जर। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुजाना में चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को डिजिटल क्राइम के प्रति जागरुक किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्राचार्य रामवीर पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर की शुरूआत योगाभ्यास के साथ हुई। इसके उपरांत डॉक्टर मंजू पंघाल, प्राध्यापिका रजनी व अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के तरीकों की जानकारी दी। इसके अलावा प्राध्यापिका अनु व भावना ने स्वयंसेवकों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तन की जानकारी देते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की प्रेरणा दी तथा सदैव अपने से बड़ों का आदर सम्मान के लिए प्रेरित किया। सायंकालीन सत्र में शिक्षिका सुदेश ने स्वयंसेवकों के लिए कराई गई गतिविधियों में म्यूजिकल चेयर व खो-खो मैच का आयोजन कराया गया।

## राजकीय कन्या स्कूल में छात्राओं को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

- आयुष योग शिक्षक महावीर ने छात्राओं को सूर्य नमस्कार के लाभों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिलानी में सोमवार को छात्राओं को सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। आयुष विभाग से जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर संगीता व जिला योग कोर्डिनेटर डॉक्टर पवन देशवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आयुष योग शिक्षक महावीर ने छात्राओं को सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभों से अवगत कराया। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नमिता ने कहा कि नियमित सूर्य नमस्कार से न केवल मांसपेशियां मजबूत होती है बल्कि मानसिक स्थित ठीक रहती है। इससे शारीरिक बल की वृद्धि भी होती है। डीपीई दलवीर ने छात्राओं से प्रतिदिन छह राउंड सूर्य नमस्कार करने का आह्वान किया। उन्होंने सूर्य नमस्कार के एक राउंड में 12 स्टेप होते हैं तथा कम समय में ही संपूर्ण शरीर का पूर्ण व्यायाम हो जाता है। इस मौके पर प्राचार्या सुशीला देवी ने कहा कि सूर्य नमस्कार से व्यक्ति का सर्वांगीण व्यायाम और ऊर्जा वृद्धि, एकाग्रता व शरीर में लचीलेपन में सुधार होता है।

## भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता किसान विरोधी

- ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने जताया ट्रेड डील का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल व सचिव जयकरण मांडौठी ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को किसान विरोधी व जन विरोधी करार दिया है। इसके अनुसार भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा। अनूप सिंह व जयकरण ने बताया कि अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लेना और भारत द्वारा जीरो फीसद टैरिफ देना मुक्त व्यापार नहीं है। भारतीय वस्तुओं पर शुल्क वास्तव में 3 प्रतिशत से बढ़कर 18 फीसद हो गया है, जबकि अमेरिकी कृषि उत्पादों पर हमारे शुल्क 30 से 150 प्रतिशत तक थे, जो अब शून्य कर दिए गए हैं। इससे भारतीय कृषि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के फंदे में फंस जाएगी। इस समझौते से देश के किसान और दुग्ध उत्पादक बर्बाद हो जाएंगे। जीएम खाद्य पदार्थों और जीएम बीजों के आयात को खुली छूट मिलने से हमारी प्राकृतिक उर्वरता नष्ट हो जाएगी। मोदी सरकार भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों को भारतीय बाजारों पर थोप रही है, जबकि भारतीय कृषि पहले से ही नकारात्मक सरकारी सब्सिडी से जूझ रही है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने में जुटे सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य

- हड़ताल के लिए दो हजार कर्मचारियों से किया संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। नगर परिषद परिसर में हड़ताल का पोस्टर चस्पा करते हुए कर्मचारी।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता के लिए सर्व कर्मचारी संघ द्वारा दो जत्थों के माध्यम से कर्मचारियों से संपर्क किया जा रहा है। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर ने बताया कि पहला जत्था सीआईटीयू के राज्य सचिव डॉक्टर सुरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में तथा दूसरा जत्था पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य प्रधान जयवीर चहल की अध्यक्षता में चलाया जा रहा है। इस दौरान डीघल, बेरी, मातनहेल, साल्हावास, झज्जर, माछरौली, बादली तथा बहादुरगढ़ क्षेत्र में पहुंच कर करीब दो हजार से अधिक कर्मचारियों से संपर्क किया जा चुका है। हड़ताल में उठाई जाने वाली मुख्य मांगों में हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग करना, दस साल की सेवा के बाद सभी प्रकार के कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कच्चे कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान, कैशलेस मेडिकल सुविधा, रिक्त पदों को भरने, समयबद्ध पदोन्नति, रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन में क्रमिक वृद्धि, परियोजना कर्मियों के वेतन में वृद्धि एवं कर्मचारियों का दर्जा, मिड-डे-मील और आशा वर्कर सहित सभी कर्मियों के कार्य पर पुनर्विचार करते हुए उनकी सुविधा में वृद्धि करना, सरकारी कर्मचारी की सुरक्षा की जवाबदेही तय करना, श्रम कानूनों और नई शिक्षा नीति पर पुनर्विचार करना आदि मांगें शामिल है।



झज्जर। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार।

### यातायात नियमों और नशे के खिलाफ पढ़ाया पाठ

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा क्षेत्र के गांव दादरी तोए में ग्रामीणों को यातायात नियमों की पालना करने और नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने ग्रामीणों को यातायात नियमों की पालना करने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा शराब या नशे की हालत में वाहन न चलाने प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण लापरवाही और नियमों की अनदेखी है, जिसे सभी के सहयोग से रोका जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आसपास किसी भी प्रकार का नशा तस्करी या अवैध गतिविधि की सूचना हेल्पलाइन नंबर 1933 , 9050891508 पर या नजदीकी पुलिस थाना, चौकी में दे सकते है।

## फुटबॉल टीम में लोवा खुर्द की दो बेटियों का चयन

- झज्जर जिले की टीम में गांव लोवा खुर्द की दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



नेहा।



वर्षा।

गुरुग्राम में सीएम कप स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का आगाज सोमवार से हो गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। झज्जर जिले की टीम में गांव लोवा खुर्द की दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

चयनित खिलाड़ियों में वर्षा पुत्री सतीश और नेहा पुत्री दिवाकर शामिल हैं। टीम में वर्षा स्ट्राइकर की भूमिका निभा रही हैं, जबकि नेहा गोलकीपर के रूप में मैदान में उतर रही हैं। ये दोनों खिलाड़ी पिछले एक वर्ष से नियमित रूप से फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रही थीं। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झज्जर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ-साथ प्रशिक्षकों में भी खुशी है। कोच रितु रानी, सुदर्शन और प्रदीप ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। ग्राम सरपंच विनोद जून, कमेटी प्रधान नरेश कुमार, बीजे, लाला मास्टर, विक्की मास्टर, बबलू और समुंद्र सहित अन्य ग्रामीणों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में वैशाली धनखड़ ने जीता सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। होनहार छात्रा वैशाली धनखड़। फोटो : हरिभूमि

कानूनी साक्षरता मिशन के अंतर्गत कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की छात्रा वैशाली धनखड़ ने भाषण प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित इस प्रतियोगिता की विजेता वैशाली को प्रदेश सरकार की ओर से 13,400 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि पर ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया, विशाल नेहरा, प्राचार्य सतबीर सिंह व एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लो ने विजेता छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। नशे के दुष्प्रभावों को लेकर नाटक की प्रस्तुति देती स्वयंसेविकाएं।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में आयोजित एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति रैली निकाली तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। शिविर की शुरूआत पीएचसी मातनहेल से डॉक्टर भूपेंद्र सुहाग ने स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार व योगाभ्यास कराया। इसके बाद नश मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरुकता निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सिगरेट, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान को समझाया। उन्होंने नशा मुक्ति के संबंध में नारे लगाकर लोगों को सचेत किया। उन्होनें स्वरोजगार, नवाचार तथा उद्यमिता के महत्व पर जानकारी दी। इस मौके पर डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर ओमपति, कुमारी सोनू रानी, प्रविंद्र ढिल्लो सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### राहगीर हरेंद्र की मौत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** रोहद बाईपास पर बीती शाम को हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले हरेंद्र चौधरी के शव का पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम करा दिया। नम आंखों के साथ परिजन शव को गांव ले गए। वहीं, मृतक हरेंद्र के साथी के बयान पर आसौदा थाना पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन है। छुट्टी मिलने के बाद पुलिस उससे पूछताछ शुरू करेगी।

रविवार की शाम को यह हादसा हुआ था। जानकारी के अनुसार, रोहतक की दिशा से एक आई-20 कार तेज गति से आ रही थी। एकाएक गाड़ी अनियंत्रित हुई और डिवाइडर कूदकर एक महेंद्रा कार से टकराते हुए खंभे में जा लगी। इस दौरान आई-20 कार की चपेट में एक पैदल राहगीर हरेंद्र आ गया और उसकी मौके पर ही जान चली गई। हादसे में कार चालक को भी गंभीर चोट आई और वह पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन है। वहीं, हरेंद्र बिहार के बक्सर जिले का रहने वाला था और रोहद स्थित एक कंपनी में काम करता था। बाजार से कंपनी जाते वक्त वह हादसे का शिकार हुआ। हादसे के दौरान हरेंद्र के साथ उसका सहकर्मी अब्दुल भी था। अब्दुल ने हादसे के लिए आई 20 कार चालक को जिम्मेदार ठहराया है। उसके बयान पर पुलिस ने आरोपीकार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।



झज्जर। कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने संबंधी शपथ लेते हुए विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों व शिक्षकों को दिलाई कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ

झज्जर। स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता अभियान के अंतर्गत याकूबपुर के डीडी हाई स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य लोगों को कुष्ठ रोग सहित विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरुक करना रहा। शिविर में लोगों के कुष्ठ रोग, टीबी, एड्स, एनसीडी तथा आंखों की जांच की गई। इस दौरान 71 एक्स-रे, 42 बलगम के सैंपल, 130 खून की जांच, 50 त्वचा जांच, 81 आंखों की जांच तथा 52 एचआईवी जांच की गईं। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉक्टर निधि ने विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने संबंधी शपथ दिलाई। इसके अलावा कुष्ठ रोग विषय पर विद्यार्थियों के बीच स्लोगन राइटिंग व पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जिनमें उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि के रूप में

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज में दो दिवसीय वसंत उत्सव

# गीत और गजल में विवेक रहा प्रथम

- वसंत उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में सोमवार को वसंत उत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पहले दिन गजल गायन एवं गीत गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी डॉक्टर तमसा ने किया। उन्होंने बताया कि वसंत उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनमें सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि गजल गायन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र विवेक ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने भावपूर्ण गायन के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बीए द्वितीय वर्ष के छात्र कपिल ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं गीत गायन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के विवेक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी गायन प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बीए प्रथम वर्ष के छात्र सिकंदर द्वितीय स्थान पर रहे तथा बीए प्रथम वर्ष के छात्र भव्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**सूचना**

मैं, नीलम (NEELAM) पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार निवासी वार्ड 12, गडी मौहल्ला झज्जर तह० व जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरी दसवी की मार्कशिट में मेरा नाम नीलम कुमारी (NEELAM KUMARI ) दर्ज है ओर सभी कागजातो में मेरा नाम नीलम (NEELAM) दर्ज है जो कि सही वा दुरूस्त है । नीलम (NEELAM) व नीलम कुमारी (NEELAM KUMARI) दोनो मेरे एक ही औरत के नाम है । मैं अपने सही नाम नीलम (NEELAM) के नाम से अपना पासपोर्ट बनवाना चाहती हूँ।

**बेदखली सूचना**

मैं निर्मला पत्नी स्व. सतबीर निवासी गांव भटेड़ा तहसील व जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सुमित मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है और मेरी कोई बात नहीं मानता व लापरवाह है। जिसके चलते मैं अपने पुत्र सुमित को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इसके साथ किसी भी प्रकार का लेन देन और व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई संबंध नहीं रहा है।
शपथकर्ता

**NOTICE**

I, Braham Prakash S/o Sh. Tara Chand R/o House No. 23/2 Gali No.2, Patel Park, Line par Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana -124507 declare that my son Naveen and his wife Rakhi is out of my control. I disposes them from my moveable and immoveable properties. They both will be responsible for their act. I and my family will not be responsible for their act and deeds.

# पहले नेताओं और फिर एसडीएम ने दिलाई खंड समिति अध्यक्ष को शपथ

## एसडीएम के समक्ष गांवों की समस्याएं उठाते हुए समाधान की लगाई गुहार




बहादुरगढ़। सोमवार को रचिता जून को शपथ दिलवाते भाजपा पदाधिकारी और एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नूना माजरा निवासी रचिता जून ने सोमवार को बहादुरगढ़ ब्लॉक समिति अध्यक्ष की शपथ विधिवत ग्रहण की। पहले भाजपा जिलाध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने उन्हें शपथ दिलाई और फोटो खिंचवाए। कुछ देर बाद एसडीएम अभिनव सिवाच कार्यक्रम में पहुंचे और रचिता जून को विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। उन्हें पदभार ग्रहण करवाते हुए सभी वार्डों में निष्पक्ष रूप से विकास कार्य करवाने के लिए प्रेरित किया।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को खंड समिति अध्यक्ष का शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें कि इससे पहले खंड समिति सदस्यों ने 29 दिसंबर को एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में हुई बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पास कर तत्कालीन अध्यक्ष वर्षा गौतम को हटा दिया था। इसके बाद 27 जनवरी को डीडीपीओ निशा तंवर व बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री की मौजूदगी में हुए उपचुनाव रचिता जून को 19 व रेनू बाला को 10 वोट प्राप्त हुए थे। सोमवार को एसडीएम अभिनव सिवाच ने रचिता जून को पदभार ग्रहण करवाते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान ब्लॉक समिति सदस्य हरवेश मान, आशीष राठी, बलराज, अंजू रानी, सतनारायण, राकेश, दयानंद, नवीना, सुमन मंगू नंबरदार, रिंकी विजय दलाल, अमित देवी, कविता, विद्या संदीप राठी, प्रमोद आर्य, नीलम, अभिषेक, पूनम देवी, सुरजीत सिंह व जसबीर जून आदि मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष विकास बाल्मीकि, दिनेश कौशिक व पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा ने ब्लॉक समिति अध्यक्ष रचिता जून को शपथ दिलवाई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, चेयरमैन विनोद कौशिक, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, मनीषा धनखड़, संजय जून, प्रमोद राठी, मुकेश कौशिक, मंजीत जून, ओमवीर राठी व विनोद जून आदि मौजूद रहे। इसके उपरांत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एसडीएम अभिनव सिवाच कार्यक्रम में आए और रचिता जून को शपथ दिलवाई। उन्होंने बिना भेदभाव सभी सदस्यों के काम करवाने, ब्लॉक में विकास को गति देने, रुके हुए काम शुरू करवाने और समस्याओं का निदान करवाने की प्रेरणा दी। रचिता संजय जून ने सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ व केबिनेट मंत्र डॉ. अरविंद शर्मा का आभार जताया।

### छारा के प्रमोद ने जलनिकासी की समस्या उठाई



शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने ब्लॉक समिति सदस्यों का परिचय लेने के उपरांत उनके क्षेत्र की समस्याएं जानी। विजय दलाल ने जाखौदा में हजारों प्रवासी श्रमिकों के निवास के कारण जलभराव संकट गहराने की समस्या उठाई। एसडीएम ने स्थाई समाधान निकलवाने का आश्वासन दिया। छारा के प्रमोद आर्य ने गांव में जलनिकासी व अवैध कब्जे समेत अन्य समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की। लोवा माजरा के जसबीर जून ने जर्जर सड़कों की सुध लेने की गुहार लगाई। मंगू नंबरदार ने भी परनाला के जर्जर रास्तों को ठीक करवाने समेत अन्य मांग एसडीएम के समक्ष रखी। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि प्राथमिकता के आधार पर गांवों के विभिन्न समस्याओं का निदान करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व

बहादुरगढ़। सोमवार को गांव कुलासी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा निःशुल्क योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय इंचार्ज दर्शना ने की। इस अवसर पर शिक्षिका नीलम, रेनु, कोमल, पूजा, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार व रविन्द्र आदि उपस्थित रहे। योगाचार्य जगदीश ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। देशभक्ति, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा जैसे विषयों पर प्रेरणादायक विचार रखे।

### स्कूलों में श्रद्धा के साथ किया मातृ-पितृ पूजन

बहादुरगढ़। प्रतिवर्ष 14 फरवरी को मनाया जाने वाला मातृ-पितृ पूजन दिवस इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, मंदिरों एवं गांवों में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। रामा कृष्ण हाई स्कूल, शिवम स्कूल, शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल, एनआर हिंदू हाई स्कूल तथा शक्ति मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों ने अपने माता-पिता की उपस्थिति में पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। आयोन में पूनम, गायत्री आरती तथा वीणा तारा का विशेष योगदान रहा। समिति प्रवक्ता नवीन मल्होत्रा ने बताया कि मातृ-पितृ पूजन दिवस का उद्देश्य नई पीढ़ी में संस्कारों का विकास करना और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है।

### गांव गुभाना में रास्ता रोककर युवक को पीटा

बहादुरगढ़। गांव गुभाना में रास्ता रोककर एक युवक से मारपीट करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव के ही दो युवकों पर ये आरोप लगे हैं। पीड़ित सागर का कहना है कि वह अपनी भैंसों को चराने ले जा रहा था। जब अड्डे के निकट पहुंचा तो गांव के दो युवक खड़े थे। रास्ता रोककर उन्होंने गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध किया तो मारपीट करने लगे और लाठी से वार किए। लोग जुटने लगे तो वे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उधर, बादली थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में युवक घायल, पीजीआई रेफर

बहादुरगढ़। शहर में रोहतक-दिल्ली रोड पर कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वह पीजीआई रोहतक में भर्ती है। दरअसल, यहां मेट्रो पिलर 875 के निकट चंद दिनों पहले एक्सीडेंट हुआ था। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की तो युवक की पहचान दीपक के रूप में हुई, जो गांव बराही का रहने वाला है। इस संबंध में दीपक के दोस्त रोहद के निवासी संदीप ने शिकायत दी है। संदीप का कहना है कि उसने अपने स्तर पर पता किया है कि पांच फरवरी की रात करीब साढ़े दस बजे मेट्रो पिलर 875 के पास सड़क क्रास करते वक्त एक वैगन आर कार ने दीपक को टक्कर मारी और रोहतक की तरफ फरार हो गया। दोस्त की हालत नाजुक बनी हुई है। आरोपी कार चालक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## हवन के साथ मनाई हरदयाल स्कूल की वर्षगांठ, बच्चों को एडमिट कार्ड दिए



बहादुरगढ़। हरदयाल पब्लिक स्कूल की 28वीं स्थापना वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ ही हवन का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन ने श्रद्धापूर्वक आहुति दी। स्कूल के दसवीं एवं बारहवीं के छात्रों को उनके बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड वितरित किए गए। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव, श्रुति यादव, प्रधानाचार्या अंशु यादव समेत सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं मानसिक शांति की कामना की। अनुराधा यादव ने विद्यालय की 28 वर्षों की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल बनाने के साथ ही उन्हें एक जिम्मेदार और संस्कारी नागरिक बनाया जाता है। उन्होंने बोर्ड परीक्षार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## एसडीएम ने सफाई और सीवरेज व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

- औद्योगिक क्षेत्रों को लेकर उद्योगपतियों व अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। उद्यमियों व अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम अभिनव सिवाच।

शहर के औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एसडीएम अभिनव सिवाच की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक उपमंडल लघु सचिवालय में हुई।

बैठक में औद्योगिक संगठन बीसीसीआई और कोबी के पदाधिकारियों के साथ ही नगर परिषद, एचएसआईआईडीसी, जिला उद्योग केंद्र व लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि बहादुरगढ़ के विकास को तेज गति प्रदान करने के लिए प्रशासन हर स्तर पर प्रयासरत है। बैठक में मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में ढांचागत सुविधाओं में सुधार, मूलभूत सुविधाओं में विस्तार, बिजली आपूर्ति, कानून व्यवस्था, विभागों द्वारा जारी की जाने वाली एनओसी सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान उद्यमियों ने प्रॉपर्टी टैक्स, सफाई व्यवस्था और सीवरेज प्रणाली आदि से जुड़े अनेक मुद्दों पर प्रशासन को अवगत कराया। एसडीएम ने उनकी समस्याओं को सुनने के बाद मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

## एनएसएस कैंप में सोनिया बनीं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए सोनिया को श्रेष्ठ स्वयंसेविका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समापन समारोह की शुरुआत पौधरोपण से हुई।

इसके उपरांत साइबर सुरक्षा जागरूकता पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें डिजिटल दुनिया में सतर्कता, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं साइबर अपराधों से बचाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। जिनमें स्वयंसेविकाओं ने गीत, नृत्य एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिविर की झलकियां दर्शाता वीडियो प्रदर्शित किया गया। स्वयंसेविकाओं द्वारा फीडबैक एवं अनुभव साझा किए गए। प्राचार्या अलका गुलाटी ने शिविर की सराहना करते हुए स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशिमा द्वारा शिविर के सातों दिनों की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



### सार्थक परिवार समिति ने सैनी स्कूल में बांटे जूते और जुराब, नफे सिंह सार्थक ने स्वरचित कविताएं सुनाईं

बहादुरगढ़। सोमवार को सार्थक परिवार के सदस्य शिवमंगल पाल के जन्मदिन पर सैनीपुरा स्थित सैनी स्कूल में करीब 80 जरूरतमंद बच्चों को जूते व जुराबें वितरित किए गए। सभी विद्यार्थियों, स्कूल स्टाफ, मैनेजमेंट कमेटी व सदस्यों में लड्डू वितरित कर मुंह मीठा कराया। स्कूल कमेटी के संरक्षक सुरेश कुमार सैनी, प्रिंसिपल सुशील भारद्वाज व अविनाश आदि ने सार्थक परिवार का स्वागत किया। समिति अध्यक्ष नफे सिंह सार्थक व सुरेश सैनी ने दीप प्रज्वलित किया। बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां पेश की। नफे सिंह सार्थक ने भी अपनी स्वरचित कविताएं और गाने सुनाए। वजीर सिंह दहिया और आरके वशिष्ठ ने भी अच्छी जीवनशैली अपनाने को प्रेरित किया। रामनिवास सैनी ने समिति को 2100 रुपये भेंट किए। पवन कुमार जैन, राजकुमार अग्रवाल, एसएम पाल के सहयोग से हुए कार्यक्रम में हरिचंद रोझा, ज्ञान सिंह सैनी, दीपक सैनी, राजबाला दलाल व फूलकुमारी आदि उपस्थित रहे।



### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन, विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए

बहादुरगढ़। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरगढ़ में सोमवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रिंसिपल मंजू रानी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने विद्यार्थियों से अपने अनुभवों को साझा किया। औपचारिक स्कूली शिक्षा के बाद उन्हें एक अच्छे नागरिक की तरह समाज में काम करते हुए अपनी उच्च शिक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार होना है। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को उनकी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### विज्ञान प्रदर्शनी में आर्यन और जतिन को द्वितीय पुरस्कार, कॉलेज में पहुंचने पर किया सम्मानित

बहादुरगढ़। झज्जर में हुई अंतर-जिला विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महाविद्यालय बादली के भौतिकी विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भौतिकी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. नवीन मलिक के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह उपलब्धि हासिल की। कॉलेज लौटने पर बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र आर्यन तहलान व बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र जतिन को प्राचार्य मेजर आनंद कादयान द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. विजय, डॉ. पूनम चौधरी व डॉ. रविंद्र भी उपस्थित रहे।



### लड़कियों की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया तो लड़कों की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय हथीन पलवल में हुई फुटबॉल प्रतियोगिताओं में चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय बादली की टीमें छाई रही। लड़कियों की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया तो वहीं लड़कों की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। खेल गतिविधियां प्रभारी विकास शर्मा के नेतृत्व में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। बादली की टीम ने राजकीय महाविद्यालय होडल की टीम को 12-0 के अंतर से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में सरस्वती महाविद्यालय पलवल की टीम को 2-0 के अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। कप्तान तन्नु के नेतृत्व में सोनी तन्नू, रवीना, प्रियंका, सविता, खुशी, अन्नू, तन्नू कुमारी, शीतल, स्नेहा, मीतू देवी, एकता, संजना, प्रियंका, रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपलब्धि हासिल की। वहीं इसी कॉलेज की लड़कों की फुटबॉल टीम ने कप्तान आशीष गुलिया के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय हथीन की टीम को हराकर हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की टीम में राहुल, अमन, पंकज, राहुल, अंकित, कपिल, अनु कुमार देवेश, रोहित, भारत सिंह, राहुल गुलिया,कृश, जतिन, जय, हरिओम, दीपांशु आदि शामिल थे। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य मेजर आनंद काद्याण और अन्य स्टाफ सदस्यों ने फुटबॉल टीम के सदस्यों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने सोलधा में आयोजित स्पर्धा में खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

बहादुरगढ़। भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने सोलधा गांव में आयोजित शहीद भगत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट एवं बुजुर्गों की दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजन कमेटी ने मुख्य अतिथि नवीन बंटी का भव्य स्वागत किया। नवीन बंटी ने कहा कि भाजपा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। खेलों के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध हैं। युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया अलौकिक जन्मोत्सव

## आध्यात्मिक मूल्य व्यक्तित्व में लाते हैं सकारात्मक परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि. के सेक्टर-2 स्थित सेवा केंद्र में ब्रह्माकुमारियों के साथ मौजूद बीके विनीता दीदी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 स्थित सेवा केंद्र में अलौकिक सामूहिक जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भाई-बहनों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सैकड़ों भाई-बहनों ने ईश्वरीय ज्ञान और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाकर प्राप्त किए अपने नवीन जीवन का उत्सव मनाया।

नवीन, इंदु, सुनंदा, भरत, बीके लक्ष्मी दीदी और संदीप आदि ने बहुत ही सुंदर और भावविभोर करने वाले गीत-संगीत प्रस्तुत किए। अनेक भाई-बहनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राजयोग और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में धारण करने से उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। सभी ने सामूहिक रूप से केक काटकर और मंगल गान के साथ अपना आध्यात्मिक जन्मदिन मनाया। सेवा केंद्र की संचालिका बीके विनीता दीदी ने सभी का को तिलक लगाकर, चुन्नी और बैज पहनाकर सम्मानित किया। सभी के उज्वल भविष्य और निरंतर बढ़ती आध्यात्मिक यात्रा के लिए मंगलकामनाएं दीं। मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं को बदलता है, तो विश्व परिवर्तन की नींव पड़ती है। उन्होंने सभी को ईश्वरीय मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी।

इस दौरान आयुष विभाग की प्रतिनिधि ने उपस्थित जनसमूह को सूर्य नमस्कार के विभिन्न चरणों और उससे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों के प्रति जागरूक किया।